मेरा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। मेरा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है।

मेरा मानना है कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए।

**अतः, मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि :-**

- ✓ जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करूँगा;
- ✓ ना तो रिश्वत लूँगा और ना ही रिश्वत दूँगा;
- ✓ सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करूँगा;
- ✓ जनहित में कार्य करूँगा;
- ✓ अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदहारण प्रस्तुत करूँगा;
- ✓ भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेंसी को दूँगा।